10.	बुधवार	श्रीरामानुजाचार्य जयंती।
11.	गुरूवार	गंगा सप्तमी, कृतिका के सूर्य।
13.	शनिवार	सीता नवमी, जानकी प्राकट्योत्सव, मातृ दिवस।
15.	सोमवार	मोहिनी एकादशी व्रत सबका, वृष संक्रांति दिन 2:37
16.	मंगलवार	प्रदोष व्रत।
17.	बुधवार	नृसिंह चतुर्दशी व्रत, श्रीनृसिंह प्राकट्योत्सव।
18.	गुरूवार	स्नान–दान–व्रत, पूर्णिमा, वैशाखी पूर्णिमा, बुद्ध जयंती।
20.	शनिवार	देवर्षि नारद जयंती।
22.	सोमवार	सं. गणेश 4 व्रत चं.उ.रा.9:56।
25.	गुरूवार	रोहिणी के सूर्य रात 12:52।
27	शनिवार	शीतलाष्टमीव्रत, त्रिलोचनाष्टमी।
30	मंगलवार	अचला एकादशी व्रत।
31	बुधवार	प्रदोष व्रत, वटसावित्री व्रत आरंभ–उ.भा., जुमा अलविदा।

यशस्वी प्रकल्प : माधव सेवा आश्रम

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रदेश का एक महत्वपूर्ण चिकित्सा संस्थान है–संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (SGPGI)। सम्पूर्ण भारत के सर्वाधिक महत्वपूर्ण तीन चिकित्सा संस्थानों में एक है। इस संस्थान में व्यापक रूप से सुयोग्य डाक्टरों की देख–रेख में अधिकाधिक रोगों के उपचार की उत्तम व्यवस्था है अतः इस चिकित्सालय में रोगी दूर–दूर से उपचार हेतु आते हैं।

चिकित्सालय लखनऊ रायबरेली मार्ग पर स्थित है। सामान्यतः रोगियों को वहाँ तक पहुँचने में कठिनाई होती है, यह कठिनाई तब और बढ़ जाती है जब अन्य नगरों से आने वाले रोगियों के साथ उनकी सेवा–सहायता के लिए उनके सगे–सम्बन्धी, परिवारीजन, एवं अन्य सहयोगी आते हैं और उन्हें रोगी की परिचर्या–काल में वहाँ निवास करना पड़ता है। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में रोगियों के सहायकों के निवास के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। लखनऊ नगर से दूर होने के कारण प्रतिदिन वहाँ से आकर रोगियों को उनके परिजन निकट से उनकी सेवा–सहायता नहीं कर सकते, अतः इन सबके निवास की व्यावहारिक और गम्भीर समस्या थी भाऊराव देवरस सेवा न्यास ने सेवा के रूप में इस कार्य को स्वीकार किया और इस चिकित्सा संस्थान के ठीक सामने राष्ट्र सेवा के अखण्ड साधक परम पूज्य श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर (श्री गुरुजी) के नाम पर माधव सेवा आश्रम नाम से एक सेवा–परिसर का निर्माण किया गया। उत्तर प्रदेश शासन ने भाऊराव देवरस सेवा न्यास की विश्वस्तता के आधार पर इस हेतु संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के ठीक सामने पाँच हजार वर्ग मीटर का भूखण्ड इस प्रस्तावित योजना के लिए प्रदान कर दिया।

माधव सेवा आश्रम की एक संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसमें लखनऊ नगर के गणमान्य सेवाभावी कर्मठ सज्जन सम्मिलित किए गए हैं। आश्रम का भूमि–पूजन व शिलान्यास दिनांक 29 मार्च 2001 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहसरकार्यवाहक माननीय मदनदास जी एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री श्री ओमप्रकाश सिंह व श्री लालजी टण्डन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। आश्रम के चार प्रभाग हैं–**(1) रोगी सहायक निवास (2) रोगी परामर्श केन्द्र (3) योग केन्द्र और (4) साधना केन्द्र।**

रोगी सहायक निवास

रोगी सहायक निवास भवन का निर्माण माधव सेवा आश्रम का केन्द्रीय और उसके उद्देश्य को साकार करने वाला आवश्यक और महत्वपूर्ण प्रभाग है। इसके दो भाग हैं– संयुक्त आवास कक्ष और दूसरा एकल आवास कक्ष। प्रकृति के स्वच्छ एवं स्वाथ्योपयोगी वातावरण में वृक्षावलियों और लतापुष्पों के मध्य भव्य तिमंजिला संयुक्त रोगी सहायक निवास बनाकर समाज के लिए पूर्ण रूप से तैयार किया गया। इस भवन के भूतल व प्रथम तल का लोकार्पण दिनांक 28 जून 2002 को तत्कालीन भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के कर कमलों द्वारा उ0प्र0 के राज्यपाल आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री, उ0प्र0 की मुख्यमंत्री सुश्री मायावती की गौरवमयी उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया।

एकल आवास कक्ष (प्रथम तल) का लोकार्पण दिनांक 18 जनवरी 2005 को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मा0 कल्याण सिंह एवं पूज्य स्वामी मुक्तिनाथानन्द जी महाराज, अध्यक्ष रामकृष्ण मठ, लखनऊ के कर कमलों द्वारा किया गया। एकल आवास कक्ष (द्वितीय तल) का लोकार्पण दिनांक

24 दिसम्बर 2006 को मा0 मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ डॉ0 रमन सिंह के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

योगभवन के ऊपर बने नवनिर्मित एकल आवास कक्ष (प्रथम तल) पर ''प्रो0 राजेन्द्र सिंह 'रज्जू भैया' सदन'' का लोकार्पण 29 मार्च 2016 को परमपूज्य सरसंघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मा0 मोहन भागवत द्वारा किया गया है।

रोगियों के सहायकों तीमारदारों के लिए सुविधा के नाम तख्त, गद्दा, चादर, तकिया, शौचालय, स्नानागार पेयजल उपलब्ध है।

यहाँ पर लगभग सभी प्रान्तों से उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, प. बंगाल एवं नेपाल से लोग आते हैं। एक सार्वजनिक भोजनालय जानकी रसोई भी चलती है जिसमें तीमारदारों के निमित्त रु0 25/– के हिसाब से भोजन तथा रु0 10/– के हिसाब से जलपान उपलब्ध है। रोगी सहायक निवास में लिफ्ट भी लगी है जिसका उद्घाटन 08 मई 2013 को सहसरकार्यवाहक माननीय डॉ0 कृष्ण गोपाल जी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

माधव सेवा आश्रम में प्रतिवर्ष लगभग ठहरने वालों की संख्या एक लाख की रहती है। एक साथ एक दिन में तीन सौ बन्धु ठहर सकते थे जो अब बढ़कर लगभग 400 बन्धुओं की व्यवस्था हो गयी।

लक्ष्मण श्रीकृष्ण भिड़े रोगी परामर्श केन्द्र

इस भवन का निर्माण सांसदों/विधायकों की निधि से कराया जा सका है। जिसका लोकार्पण दिनांक 8 नवम्बर 2002 को प्रो0 राजेन्द्र सिंह 'रज्जू भइया', उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल महामहिम विष्णुकान्त शास्त्री, केन्द्रीय मंत्री माननीय वेदप्रकाश गोयल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक डॉ0 शंकर तत्ववादी जी एवं सुरेश जोशी 'भैयाजी' की उपस्थित में सम्पन्न हुआ था।

यहाँ पर हमारे सेवाभावी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम है जो बाहर से आने वाले रोगियों को उनके रोग को देखते हुए उन्हें उचित परामर्श देती है और पी.जी.आई. में उनकी चिकित्सा कहाँ और किस रूप में होगी मार्गदर्शन करती है। आवश्यकता होगी तो उनके प्रवेश (भर्ती) कराने में यथासम्भव मदद भी करती है। इसी विभाग के अन्तर्गत रुग्ण सेवा केन्द्र भी है जहाँ इस परिसर में आवासित तीमारदार दूरदराज से ग्रामीण अंचलों से आने वाले बन्धु अपना सामान्य परीक्षण तथा चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। वर्तमान में धर्मार्थ होम्यो चिकित्सालय शनिवार को छोड़कर प्रतिदिन 9 बजे से अपराह्न 1 बजे तक चलता है तथा प्रत्येक शनिवार को एलोपैथिक चिकित्सा सुविधा सचल चिकित्सा वाहन द्वारा उपलब्ध करायी जाती है।

योग केन्द्र

सर्वविदित है कि योग--पद्धति में रोगों के उपचार में आश्चर्यजनक सफलता मिलती है, यहाँ पर एक ऐसा ही योग केन्द्र स्थापित किया गया है। जिसका संचालन विश्व प्रसिद्ध स्वामी विवेकानन्द योग चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय बंगलौर द्वारा होता है। इस योग केन्द्र का शुभारम्भ प्रथम बार दिनांक 7 नवम्बर 2002 को उक्त संस्थान के कुलपति डॉ0 नागेन्द्र जी द्वारा किया गया। जिसे 18 जुलाई 2004 को रामकृष्णमठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द जी की गौरवमयी उपस्थिति में इस केन्द्र का नाम 'विवेकानन्द योग प्रतिष्ठान' रखा गया और इसी दिन से योग नियमित कक्षायें एवं योग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। अब यह योग केन्द्र उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद का मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्र बना हुआ है। इन दिनों यह योग केन्द्र किन्हीं अपरिहार्य कारणों से क्रियाशील नहीं है। जिसे कुछ दिनों बाद पुनः प्रारम्भ किया जायेगा। इस योग केन्द्र के भवन का शिलान्यास एवं भूमि पूजन पिछले 13 अक्टूबर 2017 को पूज्य महन्त स्वामी नृत्य गोपालदास जी महाराज (अयोध्या) के कर कमलों द्वारा एवं माननीय राजनाथ सिंह जी,

तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी तथा माननीय भुवन चन्द्र खण्डूडी पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड के पुनीत सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। यह विशाल सभागार सेठ चम्पकलाल पारेख की स्मृति में बनकर तैयार हुआ। इसका लोकार्पण 31 जुलाई 2011 को तत्कालीन उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री डॉ0 रमेश पोखरियाल 'निशंक' एवं महन्त नरेन्द्र गिरि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। दिनांक 1 जुलाई 2017 को इस सभागार को ध्वनिरोधी सभागार के रूप में परिवर्तित कर इसका लोकार्पण माननीय राज्यपाल उ0प्र0 श्री रामनाईक जी द्वारा कराया गया।

साधना केन्द्र

"सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः" की भावना से आश्रम के वातावरण को पवित्रता तथा आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान करने के लिए "ध्यान मण्डपम्" की स्थापना एवं योग–साधना केन्द्र का विकास किया गया है इस सभागार में नियमित सामूहिक ध्यान, प्रार्थना, जप, भजन, प्रवचन आदि के कार्यक्रम निरन्तर चलेंगे।

इस आश्रम में अनेक संत महात्माओं का समय–समय पर पदार्पण भी हुआ है। जिनमें प्रमुख रूप से स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि महाराज, स्वामी पुण्यानन्द गिरि महाराज, स्वामी गिरीशानन्द जी, स्वामी चिदानन्द मुनि जी शामिल हैं।

माधव सेवा आश्रम में खिचड़ी भोज : 21 जनवरी 2018

सामाजिक समरसता के उद्देश्य से वर्ष 2017–18 में भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा प्रस्थापित रायबरेली रोड स्थित एस.जी.पी.आई. के सामने माधव सेवा आश्रम में पूर्व वर्षों की भाँति खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 1200 लोगों ने खिचड़ी भोज किया।

माधव सेवा आश्रम में उपलब्ध सेवाओं का विवरण

क्र.	कक्ष विवरण	हाल संख्या	कक्ष संख्या	बेड संख्या
1.	कमरा 5 बेड वाला (अटैच बाथरूम)	06	30	
2.	कमरा 4 बेड वाला (अटैच बाथरूम)		02	08
3.	कमरा 4 बेड वाला (नान अटैच बाथरूम)		08	32
4.	कमरा 3 बेड वाला (अटैच बाथरूम)		09	27
5.	कमरा 3 बेड वाला (नान अटैच बाथरूम)		13	39
6.	कमरा वीआईपी 3 बेड वाला (अटैच बाथरूम)		01	03
7.	कमरा 2 बेड वाला (अटैच बाथरूम)		23	46
8.	कमरा 2 बेड वाला (नान अटैच बाथरूम)		19	38
9.	डारमेट्री (नान अटैच बाथरूम)	07	–	75
10.	कमरा 4 बेड वाला (अटैच बाथरूम)		20	80
	कुल	**07**	**101**	**378**

आश्रम की जानकी रसोई में रू. 10/– में जलपान एवं रू. 25/– में भोजन उपलब्ध है।

दान पर आयकर की छूट

न्यास को आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 G(5) (VI) के अन्तर्गत आदेश संख्या के. सं. 58–59/204/25/2010–2011/तक./आ, आ,1/लखनऊ/दि. 08.06.2010 के अनुसार यह छूट सतत प्राप्त है।

न्यास को विदेशी सहायता प्राप्त करने हेतु एफ.सी.आर.ए. सन् 1976 के अन्तर्गत गृह मंत्रालय भारत सरकार के पत्र सं.नं. II/21022/73 (15)/2000-FCRA-III दिनांक 30.06.2000 के अनुसार मान्यता प्राप्त। रजिस्ट्रेशन नं. 136550134 है। वैधता तिथि 31.10.2021 है।

न्यास का पैन नं. AAATB1049G है।

विशेष

प्रबल ध्येय जिनका रहा,
जन–सेवा निष्काम।
जन–मन को प्रेरित रखें,
जिनके मधुरिम काम।।

नैतिक–मूल्यों के धनी,
राष्ट्र–भक्त अभिराम।
रह अविचल सिद्धान्त–रत,
जीवन दीप ललाम।।

सुख की इच्छा त्याग कर,
ध्येय चुना उपकार।
निबलों से निशिदिन किया,
करूणामय व्यवहार।।

मान्य 'देवरस' जी रहे,
राष्ट्र–भक्त अविराम।
'व्यस्त' सुखद सद्–वृत्ति से,
धन्य किया निज नाम।।

रमेशबाबू शर्मा 'व्यस्त'
सी–61, सूरजमल
विहार, दिल्ली–92

भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा प्रकाशित मासिक पत्र

सेवा संवाद

सम्पादकीय कार्यालय : **भाऊराव देवरस सेवा न्यास**
सी-91, निरालानगर, लखनऊ-226020
दूरभाष : 0522-4001837, 2789406 मोबाइल : 9793120738
Email : sewasamwad@gmail.com

ग्राहक सदस्यता प्रपत्र

सेवा में,

प्रबन्धक,
'सेवा संवाद'
भाऊराव देवरस सेवा न्यास
सी-91, निरालानगर, लखनऊ-226020

महोदय,

मैं/हमारी संस्था आपकी मासिक पत्रिका सेवा संवाद का वार्षिक/जीवन सदस्य बनने का इच्छुक हूँ/हैं। इस निमित्त वार्षिक शुल्क **200/-** अथवा आजीवन शुल्क **2000/-** रुपये **'सेवा संवाद'** के पक्ष में नकद/बैंक ड्राफ्ट/चेक सं. ..... दिनांक ..... बैंक .... द्वारा भेज रहा हूँ/रहे हैं। कृपया स्वीकारें। प्राप्ति की रसीद तथा पत्रिका हमारे निम्न पते पर प्रेषित करने की कृपा करें।

ह0 आवेदक

हमारा पता है :
नाम : .....
पता : .....
.....
.....
.....
जिला: ..... पिनः .....
प्रदेश :
मोबाइलः .....

आलोक : चेक/ड्राफ्ट 'सेवा संवाद' के पक्ष में जारी करें अथवा बैंक आफ इण्डिया, निरालानगर, लखनऊ के खाता सं. 680610110000102 (IFSC : BKID0006806) में सीधे जमा कर जमा पर्ची की छायाप्रति के साथ सूचित करें।

24वाँ भाऊराव देवरस स्मृति - सेवा सम्मान समारोह

28 मार्च 2019 भाऊराव देवरस सेवा न्यास के तत्त्वावधान में 24वाँ भाऊराव देवरस स्मृति–सेवा सम्मान समारोह माधव सभागार, सरस्वती कुंज, निराला नगर, लखनऊ में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल राम नाईक, अध्यक्ष माननीय डॉ0 अवधेश प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष माननीय ओमप्रकाश गोयल, स्वागताध्यक्ष श्री श्याम बागड़ी, कार्यक्रम के संयोजक श्री राम अवतार किला, सहसचिव श्री राहुल सिंह एवं मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन के साथ अतिथि परिचय एवं माल्यार्पण से हुआ।

इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले सेवा व्रतियों श्री विश्वनाथ प्रधान और श्री पुरुषोत्तम पाडुरंग कामत को मा0 राज्यपाल तथा मंचस्थ अतिथियों द्वारा प्रशस्ति–पत्र, अंगवस्त्र, श्रीफल, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिह्न न्यास द्वारा प्रकाशित साहित्य और एक–एक लाख रूपये की विनम्र सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित सेवा व्रतियों को प्रदत्त सेवा सम्मान पत्र का वाचन डॉ0 शिव भूषण त्रिपाठी तथा डॉ0 इन्द्रपाल शर्मा ने किया।

न्यास का परिचय कार्यक्रम के प्रारम्भ में ही एक लघु फिल्म के माध्यम से कराया गया, जिसमें भाऊराव (मुरलीधर दत्रात्रेय देवरस) जी के प्रतिभाशाली व्यक्तित्व, शिक्षा–दीक्षा, उनके द्वारा किये गए विशिष्ट सेवाओं के उल्लेख के साथ ही न्यास की स्थापना समय, उद्देश्य, शिक्षा–स्वास्थ्य और सेवा सम्बंधी विविध कार्यों और प्रकल्पों की प्रेरणादायी जानकारी दी गई।

सेवा सम्मान से सम्मानित कर्नाटक प्रान्त के कारवार जिलान्तर्गत स्थित 'माजाली' की पावन भूमि से सेवाव्रती श्री विश्वनाथ प्रधान जी ने सेवा सम्मान के लिए 'भाऊराव देवरस सेवा न्यास' के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निरन्तर सेवा कार्यों में लगे रहने के अपने संकल्प को दोहाराया और कहा कि मैं नहीं जानता मुझे क्या बोलना है पर संघ से प्राप्त शिक्षा–दीक्षा के अनुसार हमें बीहड़ से बीहड़ जंगल में छोड़ दीजिए, अथवा कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी हमें जो कार्य करना है हम उसके लिए मार्ग प्रशस्त कर लेगें। एक दिव्यांग बच्चे का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उसकी सहायता के लिए कोई आगे नहीं आया पर जब मैंने उसकी सहायता के लिए आगे कदम बढ़ाया तो उसके बाद आज यह स्थिति है कि हजारों लोग सहायता के लिए आ गये हैं। उन्होंने एक महत्वपूर्ण उल्लेखनीय बात कही कि जिस दिन समाज का देवता प्रकट हो जाएगा उस दिन कुछ भी करना कठिन न होगा।

ओडिसा प्रान्त, कन्धमाल जनपद के 'कतिंगिया ग्राम में स्थित कन्धा जनजातीय परिवार के सम्मानित सेवाव्रती श्री पुरूषोत्तम पाडुरंग कामत जी ने सम्मान के लिए न्यास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब की प्रथम गुरु माता होती हैं। माता–पिता से हमें अच्छे संस्कार मिले यह दैव योग है। हमें अपने माता–पिता से अच्छा संस्कार मिला साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सानिध्य मिला यह भाग्य की बात है। संघ की प्रेरणा से ही मैं दुर्गम स्थानों पर जाकर कठिन से कठिन सेवा कार्यों को संपन्न करने की दिशा में निःस्वार्थ भाव से लगा हूँ। सेवा कार्यों में आनन्दानुभूति करता हुआ आगे और अधिक सजगता से सेवा का कार्य करूँगा।

समाज रूपी देवता की सेवा करना, उनको प्रसन्न रखना ही परमात्मा की सेवा है, ईश्वर की पूजा और उपासना है। मानवता के कल्याण की मंगलमय भावना के साथ उन्होंने सभी के प्रति शुभकामना सन्देश के साथ अपनी वाणी को विराम दिया।

कार्यक्रम का संचालन श्री राहुल सिंह जी ने किया समारोह के अन्त में न्यास के श्री जितेन्द्र अग्रवाल द्वारा मंचस्थ सम्मानित अतिथियों मा. राज्यपाल महोदय, श्रद्धेय भाई जी ब्रह्मदेव शर्मा, श्री रामनिवास जैन सभाकक्ष में उपस्थित विधा भारती के मा0 यतीन्द्र जी सेवा भारती के पदाधिकारीगण, के.जी.एम.यू. के कुलपति डॉ0 एम.एल.बी. भट्ट जी, डॉ0 संदीप तिवारीएवं डॉ0 अशोक वाजपेयी राज्यसभा सांसद, श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी कैबिनेट मंत्री, नगर के अन्य उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों संघ के अधिकारी व कार्यकर्ता, छायाकार, मीडिया पत्रकार आदि सभी बन्धुओं के प्रति आभार ज्ञापन के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

राष्ट्र एवं महाकवि अटल बिहारी वाजपेई विषय पर केन्द्रित बाल कवि सम्मेलन

सृजनशीलता सहज नहीं होती वह विशिष्टों में विशिष्टता है। समाज को दिशा देने का कार्य सदा से ही कवियों के हाथों में रहा है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पदमश्री ब्रह्मदेव शर्मा 'भाई' जी ने कहा कि -- बाल कवि के अन्दर की प्रतिभा द्वारा भाव से रचना करने के कारण वह राष्ट्रभाव मानवता के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। भाऊराव देवरस सेवा न्यास लखनऊ के तत्वाधान में अमृत विशाल कक्ष, सरस्वती शिशु मन्दिर निराला नगर लखनऊ में 'बाल कवि सम्मेलन' कार्यक्रम में समारोह को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय परिदृश्य पर अटल बिहारी वाजपेयी के कविता को बाल कवियों को दिशा प्रदान करने वाला बताया और समाज को चेतना प्रदान करने में सृजनशीलता की महत्ता को अपने उद्गार में व्यक्त किये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ0 चक्रधर नलिन जी ने कहा कि अपनी साहित्य साधना के कारण अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरलता व सज्जनता जग जाहिर है। वे मूलतः कवि थे। राजनीति के मध्य में आना तो संयोग था। वाजपेयी जी अपनी कविताओं के द्वारा कविमंचों पर झंडा गाड़ा। क्योंकि उन्होंने देश की आवाज को अपनी कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। हिन्दी के प्रति उनका अटूट प्रेम था। वे साहित्य को राजनीति से श्रेष्ठ मानते थे। उनका लिखा साहित्य जिस भाव से ओत प्रोत है वह हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। जब तक भारत जिन्दा रहेगा तब तक बाजपेयी जी का साहित्य में नाम रहेगा।

बाल समारोह में 22 बाल कवियों ने प्रतिभाग किया जिसमें धनेश्वर द्विवेदी ने अपनी कविता अटल जी, रामचन्द्र ममगाई ने राष्ट्र व अटल जी, अनन्या शर्मा ने राष्ट्र, अम्बर श्रीवास्तव ने राष्ट्र, मृगेन्द्र राज ने अटल जी व माँ, मृत्युन्जय बाजपेयी ने अटल जी, श्रेयांश शर्मा ने अटल जी, प्रभव सक्सेना ने राष्ट्र, माण्डवी कर्ण ने अटल जी, अंगद मिश्रा ने अटल जी, हर्षित सिन्हा ने अटल जी, आयुश ने राष्ट्र, मोहन शंकर ने अटल जी, शीर्षक से व अन्य बाल कवियों ने अपनी स्वरचित कविताओं का सस्वर पाठ किया। न्यास की ओर से सभी बाल कवियों को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र तथा प्रमाणपत्र प्रदान किये गये।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संदीप शिवहरे, शैलेन्द्र शर्मा, रमा शंकर, डॉ. विष्णु सिंह, डॉ. सौरभ पाल, शम्भवी कर्ण तथा जितेन्द्र उपस्थित थे। आये हुए अतिथियों का स्वागत तथा न्यास का परिचय वृत्तचित्र के माध्यम से डॉ. विनीत कुमार ने दिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती शिशु मन्दिर निराला नगर के विद्यार्थियों के द्वारा किया गया तथा समापन वंदेमातरम के द्वारा हुआ तथा धन्यवाद ज्ञापन तीरथ राम वर्मा ने किया।

स्वास्थ्य सेवा प्रकल्प, अमेठी

भाऊराव देवरस सेवा न्यास के वरिष्ठ न्यासी ब्रह्मदेव शर्मा भाईजी की प्रेरणा एवं दिशा–निर्देशन से अमेठी जिले की 3 तहसील–अमेठी, गौरीगंज एवं जगदीशपुर के चारों ब्लाकों–संग्रामपुर, भेटुआ, अमेठी, शादर को गरीब एवं निर्बल वर्गों के सामाजिक उत्थान हेतु न्यास ने गोद लिया है। संस्था द्वारा स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। जिसमें निःशुल्क नेत्र शिविर, निःशुल्क विकलांग सेवा शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। अब तक अमेठी जनपद के 37 गाँवों में 37 निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर आयोजित किये जा चुके हैं। जिसमें मोतियाबिन्द आपरेशन हेतु 1123 रोगी, 2870 रोगी चश्में के लिए चयनित किये गये हैं। जिसमें से अब तक 411 मोतियाबिन्द रोगियों का आपरेशन किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) लखनऊ में किया जा चुका है। इसी प्रकार संस्था द्वारा कुल 1097 लोगों को नजर का चश्मा वितरित किये जा चुके हैं।

भाऊराव देवरस सेवा न्यास एवं केजीएमयू, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अब तक कुल 10193 रोगी लाभान्वित हो चुके हैं जिसमें 2612 सामान्य मरीज, 780 न्यूरो रोगी, 378 महिला रोगी, 182 चर्मरोगी, 143 पेट के रोगी तथा 597 हड्डी के रोगी लाभान्वित हो चुके हैं। अमेठी जिले के ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक शुक्रवार स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। सभी शिविरों का आयोजन किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) लखनऊ के चिकित्सकों के सहयोग से ही किया जाता है।

दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण समारोह (26 मई 2016 एवं 22 दिसम्बर 2016)

भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा अपने स्वास्थ्य सेवा प्रकल्प के माध्यम से विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 26 मई 2016 को ग्राम भारती विद्यालय, परतोष, धम्मौर अमेठी में भाऊराव देवरस सेवा न्यास एवं सामाजिक कल्याण एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस शिविर में **780 ट्राई साइकिल, 78 व्हील चेयर, 536 बैसाखी, 172 वाकिंग स्टिक, 29 ब्लाइंड स्टिक, 1 रोलेटर ट्राई साइकिल, 4 कुष्ठ रोगी किट, 4 सेलफोन(कुष्ठ रोगी), 210 कान की मशीन, 36 सेल मशीन, 5 मन्द बुद्धि बच्चों का किट, 12 स्मार्ट** के सहित कुल **97 कृतिम उपकरण (कैलीपर्स)** सहित कुल **1144 दिव्यांगों** को सहायक उपकरण प्रदान किये गये।

इसी प्रकार दिनांक 22 दिसम्बर 2016 को राजकीय इण्टर कालेज, रायबरेली में भाऊराव देवरस सेवा न्यास एवं सामाजिक कल्याण एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस शिविर में **2192 ट्राई साइकिल, 291 व्हील चेयर, 1416 बैसाखी, 190 वाकिंग स्टिक, 19 रोलेटर ट्राई साइकिल, 148 कान की मशीन, 12 मंद बुद्धि बच्चों का किट, 99 स्मार्ट केन, 12 ब्रेल किट, 120 ब्रेल केल, 16 ब्रेल स्लेट, 01 डीजी प्लेयर,** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को **04 सीपी चेयर** एवं **73 एमएसआईडी किट** सहित कुल **2907 दिव्यांगो** को सहायक उपकरण प्रदान किये गये।

वृक्षारोपण कार्यक्रम

भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा अमेठी जनपद मे समूहिक वृक्षारोपण का कार्य केन्द्रीय कपड़ा मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी की उपस्थिति में प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में फलदार एवं छायादार दोनों प्रकार के पौधों को लगाया जा रहा है। अभी तक धम्मौर एवं जगदीशपुर, अमेठी में विभिन्न स्थानों पर लगभग 40,000 पौधों का वितरण किया जा चुका है। यह कार्यक्रम स्थानीय जनता के सहयोग से किया जा रहा है। संस्था का लक्ष्य लगभग एक लाख वृक्षों का वृक्षारोपण करने का है।

पावन स्मृति

{पुण्य भूमि भारत में जन्म लेकर जिन्होंने जीवन पर्यन्त मानव की सेवा और मानवता की रक्षा में अपना सर्वस्व समर्पित कर कीर्तिमान स्थापित किया, अपने बहुआयामी कार्यो द्वारा जीवन के विविध क्षेत्रों में आलोक स्तम्भ बनकर हमारा मार्गदर्शन किया तथा जो आज भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं ऐसे उन तमाम दिव्य महापुरूषों की पावन स्मृति में श्रद्धा सुमन समर्पित है–सम्पादक}

दिनांक	दिवस	महापुरुष का नाम
2 मई	जन्म–दिवस	साहित्य व राजनीति के समन्वयक आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री
3 मई	पुण्य–तिथि	बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रमोद महाजन
7 मई	जन्म–दिवस	विश्वकवि : रवीन्द्रनाथ टैगोर
8 मई	बलिदान–दिवस	अल्लूरि सीताराम राजू का बलिदान
9 मई	जन्म–दिवस	आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
10 मई	इतिहास–स्मृति	जब क्रान्ति का बिगुल बज उठा
14 मई	पुण्य–तिथि	उत्कृष्ट लेखक : भैया जी सहस्रबुद्धे
15 मई	जन्म–दिवस	अमर बलिदानी : सुखदेव
18 मई	जन्म–तिथि	तपस्वी राजमाता : अहिल्याबाई होल्कर
18 मई	स्मृति–दिवस	प्रथम सर्वेक्षक नैनसिंह रावत का सम्मान
20 मई	पुण्य–तिथि	स्वदेशी आन्दोलन के प्रवर्तक विपिनचन्द्र पाल
21 मई	जन्म–दिवस	प्रेरणा पुरूष : राजाभाऊ सावरगाँवकर
22 मई	बलिदान–दिवस	अमर बलिदानी : मुरारबाजी
22 मई	जन्म–दिवस	समाज सुधारक : राजा राममोहन राय
23 मई	इतिहास–स्मृति	कालपी का संघर्ष
24 मई	पुण्य–तिथि	आतंकवाद में दृढ़ चट्टान श्री विश्वनाथ जी
24 मई	जन्म–दिवस	समर्पण और निष्ठा की प्रतिमूर्ति के. जनाकृष्णमूर्ति
25 मई	जन्म–दिवस	क्रान्तिकारी रासबिहारी बोस
26 मई	जन्म–तिथि	निष्ठावान कार्यकर्त्ता : हो.वे. शेषाद्रि
27 मई	बलिदान–दिवस	प्रताप सिंह बारहठ का बलिदान
28 मई	जन्म–दिवस	क्रान्तिकारियों के सिरमौर वीर सावरकर
29 मई	बलिदान–दिवस	हैदराबाद सत्याग्रह के बलिदानी नन्हू सिंह
30 मई	बलिदान–दिवस	श्री गुरू अर्जुनदेव जी का बलिदान

नेत्र कुम्भ नेत्र ज्योति यज्ञ का महाकुम्भ

''कुम्भ मेला'' युनेस्को की प्रतिनिधि सूची में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में अंकित है। यह आस्था की सामूहिक तीर्थ यात्रा एवं समाज के सभी आर्थिक एवं आयु वर्गो का समायोजन है। कुम्भ मेला मानवता एवं दिव्यता का संभुवन्त उपाख्यान दर्शाता है। यह आत्मबोध का प्रतीक है।

भारत में अंधता प्रचुर मात्रा में एक अभिशाप की तरह है, अन्धता के मुख्य कारण मूलतः मोतियाबिन्द, समलबाई, आँख की झिल्ली की अपारदर्शिता, ट्रेकोमा (कुकरे) जन्मजात अन्धता एवं अन्कोसरकियासिस है। इन सभी में से लगभग 75 प्रतिशत ऐसे हैं जिनको रोका जा सकता है।

हमारा संकल्प

हम जानते हैं कि पवित्र संगम में स्नान करने वाले लाखों बन्धु–बहिनें ऐसे भी आते हैं जो अपनी ग्रामीण एंव निर्धन परिस्थितियों में चश्मा नहीं ले पाते। हमारा संकल्प है कि हम अपने बन्धु–बहिनों की सेवा कर आँखों की समुचित जाँच कर उन्हें चश्में प्रदान करें। हमारा अनुमान है कि हम लगभग एक लाख लोगों को चश्मा देकर स्वयं को धन्य अनुभव करेंगे और उनको संभावित अन्धता से दूर रखने में निश्चय ही सफल होंगे। यह मानवीय कार्य ''सक्षम'' और उसके सहयोगी संस्थान नेशनल मेडिकोज आर्गेनाईजेशन, कोलमेट हॉस्पिटल, अंत्योदय हेल्थ मिशन (भाऊराव देवरस सेवा न्यास) तथा रज्जू भइया न्यास के द्वारा सम्पन्न किया जा रहा है।

आपकी शुभकामनाएं हमारा मार्ग प्रशस्त करेंगी।

संगम स्नान–नेत्र दान

एक अनुमान के अनुसार भारत में 46 लाख लोग कार्नियल अंधेपन से ग्रसित हैं। इनका इलाज सिर्फ कार्नियल प्रत्यारोपण के द्वारा ही संभव है।

अपनी आँखों को दान करके ''दृष्टि का अधिकार'' नेत्र कुम्भ को सफल बनायें। यह अन्धता मुक्त भारत के लिए हमारा लक्ष्य है किसी की आँखों को रोशनी देकर शाश्वतता प्रदान की जाए।

श्री राजेश जी को नेत्र कुम्भ भूमि का औपचारिक आवंटन पत्र सौंपते हुये कुम्भ मेलाधिकारी श्री विजय किरन आनन्द

नेत्र कुम्भ प्रयागराज 2019 का भूमि पूजन दिनांक 9 दिसम्बर 2018



9 दिसम्बर 2018 दिन रविवार समय 11 बजे नेत्र कुम्भ परिसर सेक्टर 6 बंजरग दास मार्ग नागवासुकी मन्दिर से उत्तर नागवासुकी थाने के सामने कुम्भ मेल प्रयागराज में भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त के प्रान्त प्रचारक श्री मान्य रामेश जी सह प्रान्त–कार्यवाह आलोक मालवीय, नेत्र कुम्भ आयोजन समिति के डॉ. गिरीश चन्द त्रिपाठी, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. अश्वनी मेहता तथा संचालन समिति के श्री राजेश जी, डॉ. अभिनव अस्वाल, डॉ. रश्मि मेहता, श्री सत्य विजय, कमालाकन्त पाण्डेय मेला प्रशासन से सेक्टर मजिस्ट्रेट श्री रामआसरे वर्मा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

"जीवन का मूल्य इसकी अवधि में नहीं, बल्कि उसके दान में है। दान करना सुदृढ़ता का परम संकेत है। लोगों को याद रखना चाहिए कि किसी की मदद करने के लिए एक बहुत बड़े दान की नहीं वरन् छोटे–छोटे अनेकों दान की आवश्यकता है। जीवन का प्रमाण इसकी अवधि नहीं है बल्कि इसका दान है।"

आँखे दान करने की कोई उम्र सीमा नहीं है। आइये आँखों के लिए प्रतिज्ञा करें।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य सेवा केन्द्र

ग्राम परतोष, अमेठी (उ.प्र.)

अनुरोध

जिनकी कथनी और करनी में सदैव एकरूपता रही हो, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मातृभूमि के चरणों में अर्पित कर दिया हो, जो अकृत्रिमता से दूर, सहज, स्वाभाविक, सादा रहन-सहन और उच्च विचारों के धनी रहे हों, ऐसे समाज सेवी, कुशल संगठक, राष्ट्रभक्त श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 ई. को नगला चन्द्रभान, फरह, मथुरा (उ.प्र.) में हुआ था। बाल्यकाल से ही वे संवेदनशील रहे। उनके हृदय में समाज के निर्बल, पिछड़े, बनवासी, ग्रामीण, अनाश्रित, वृद्ध, अनपढ़-बालक, रोगी-पीड़ित सभी के प्रति मानवीय करुणा थी, उनके एकात्म मानव दर्शन और अन्त्योदय की भावना तथा समाज और राष्ट्र को समुन्नत करने के स्वप्न को साकार बनाने तथा आगे बढ़ाने की पवित्र भावना के साथ पंडित दीनदयाल जी की जन्मशती पर उनके प्रति आदर-सम्मान व्यक्त करने के लिए ग्राम परतोष, जिला अमेठी में पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य सेवा केन्द्र की स्थापना का निर्णय लिया गया। इस निमित्त 20400 वर्गफुट जमीन क्रय कर ली गई है। अगला महत्त्वपूर्ण चरण निर्माण कार्य का है, जिसके लिए सहयोगी बन्धुओं से आर्थिक सहकार प्राप्त हो रहे हैं। इस महान यज्ञ कार्य में आहुति के लिए आप भी अपने सहकार से अनुगृहीत करें, यही आपसे विनती और प्रार्थना है।

कृपया अपनी सहयोग राशि भाउराव देवरस सेवा न्यास के पक्ष में चेक/ड्राफ्ट जो लखनऊ में देय हो, भेजने की कृपा करें। अथवा RTGS/NEFT के लिए Bhaorao Deoras Seva Nyas A/c No. 30448433657 State Bank of India, Daliganj (Niralanagar) Lucknow (IFSC Code: SBIN0003813) में धनराशि जमा कराकर अपने पैन नं. एवं पते के साथ कार्यालय के पते (सी-91, निरालानगर, लखनऊ-226020 दूरभाष 0522-4001837 मो. 9450020514) पर हमें सूचित करें।

– राजेश (संयोजक)

मो. 9793120738

भाऊराव देवरस सेवा न्यास को दिया गया दान आयकर अधिनियम की धारा 80G(5)(vi) के अन्तर्गत नियमानुसार करमुक्त है। न्यास का PAN AAATB1049G है।

दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण कार्यक्रम

19 नवम्बर 2018, अमेठी

मंचासीन अतिथिगण सम्बोधन, मा. विजय साम्पला जी, राज्य मंत्री, सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार

पंजियन स्टॉल पर दिव्यांग बन्धु

माननीय अतिथि गणों द्वारा सहायक उपकरण वितरण

माननीय अतिथि गणों द्वारा सहायक उपकरण वितरण

वृद्धजनों के कृत्रिम दाँतों को लगाते हुए दंत सहायक

बच्चों तथा वृद्धजनों को आवंटित सहायक उपकरण

दिव्यांगजन को कृत्रिम हाथ लगाते हुए सहायक

कार्यक्रम में आये हुए दिव्यांग बन्धु

सेवार्थ एम्बुलेंस का उपहार

सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने सांसद निधि से **दिनांक 9 दिसम्बर 2018 को एक नई एंबुलेंस नं. UP32-BG8410** भाऊराव देवरस न्यास, निराला नगर, लखनऊ को भेंट की। इस अवसर पर भाऊराव देवरस न्यास के संरक्षक श्री "भाई जी" ने बताया कि भाऊराव देवरस न्यास समाज के निर्धन तथा गरीब व्यक्तियों की सेवा के लिए बहुत वर्षों से कार्य कर रहा है। इस रोगी वाहन के मिलने से समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने एंबुलेंस न्यास को भेंट करने के लिए सांसद डॉ अशोक बाजपेई को धन्यवाद दिया। सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने न्यास के कार्यों की सराहना करते हुए आशा प्रकट की कि गरीबों तथा समाज के निर्धन व्यक्तियों की सेवा में इस रोगी वाहन का बेहतर उपयोग हो सकेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस नए रोगी वाहन के मिलने से भाऊराव देवरस न्यास को समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर अपने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र कुमार चौधरी, डॉक्टर सईद अहमद, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ बी के सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के पी त्रिपाठी, डॉ मिलिंद वर्धन, डॉक्टर एस के सक्सेना तथा डॉक्टर के. एन. शुक्ला भी उपास्थित थे।

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के CSR फण्ड से ट्रैवलर गाड़ी UP32-LN4301 भाऊराव देवरस न्यास, निराला नगर, लखनऊ को दिनांक 4 जनवरी 2019 को प्रदान की गई।

भारत पेट्रोलियम द्वारा सहायता प्रदत्त वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए उत्तर प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी एवं अन्य

बोलेरो गाड़ी UP32-KH5006 भाऊराव देवरस न्यास, निराला नगर, लखनऊ को दिनांक 13 दिसम्बर 2018 को प्रदान की गई।

अन्त्योदय प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्र
प्रयागराज

केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृती ईरानी जी द्वारा नेत्रकुम्भ चिकित्सालय का अवलोकन

नेत्र-कुम्भ, प्रयागराज दिनांक 12 जनवरी-4 मार्च 2019

24वाँ भाऊराव देवरस स्मृति-सेवा सम्मान समारोह 2018-19

मा. अतिथिगण पुष्प अर्पित करते हुए

मा. राज्यपाल जी दीप प्रज्जवलन करते हुए

राष्ट्रगान के समय मंच पर उपस्थित मा. राज्यपाल जी एवं अन्य अतिथिगण

न्यास अध्यक्ष एवं सचिव मा. राज्यपाल महोदय को स्मृति चिन्ह देते हुए

राजेश जी, डा. अवधेश प्रसाद सिंह, न्यास अध्यक्ष जी को पुष्प गुच्छ देते हुए

दिनांक 28 मार्च 2019

श्री रामनिवास जैन जी मा. राज्यपाल महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए

मा. राज्यपाल महोदय द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए

डा. आई.पी.शर्मा जी, श्री पुरुषोत्तम पंडुरंग कामथ जी को सम्मान पत्र देते हुए

डा. शिवभूषण त्रिपाठी जी, श्री विश्वनाथ प्रधान जी को सम्मान पत्र देते हुए

सम्मान-समारोह में उपस्थित अतिथि-गण

नेत्रकुम्भ चिकित्सालय, निराला नगर, लखनऊ का शुभारम्भ 8 अप्रैल 2019



दिनांक 30 जनवरी 2019 को आयोजित

पण्डित दीन दयाल उपाध्याय की जीवन गाथा पर आधारित नौटंकी दीन-जन प्यारे





RNI No. UPHIN/2005/15853
सेवा संवाद मई 2019

डाक पंजीकरण क्र. SSP/LW/NP-136/2019-21
प्रेषित डाकघर – R.M.S. चारबाग, लखनऊ

कैलेण्डर वर्ष 2019–21
प्रेषण तिथि– प्रत्येक माह 26 व 30

कुल मुद्रित पृ. की सं. 44

भाऊराव देवरस के जन्मशती वर्ष पर भावोद्‌गार नामाक्षरी दिग्दर्शन

भा - भावमनोरम सर्वदा, प्रचुर रहे सुख-साध्य।
मन से अनुयायी जुटे, किया न कोई बाध्य।।

ऊ - ऊर्ध्वमुखी चिंतक रहे, रख अदम्य उत्साह।
निर्णय परम सटीक ले, स्वयं बनाई राह।।

रा - राष्ट्र-भक्ति रग-रग बसी, कर्मनिष्ठ निष्काम।
जन-सेवी अनुपम रहे, ध्येयशील अविराम।।

व - वचनों में माधुर्य था, आकर्षक व्यक्तित्व।
कथनी-करनी एक रख, पूर्ण किए दायित्व।।

दे - देश-धरा के नाम-हित, रहे सतत कटिबद्ध।
कर्म निरत अक्खिल रहे, बढ़े योजनाबद्ध।।

व - वसुधा के कल्याण में, रहे अडिग श्रमशील।
संघ प्रचारक रूप में, रहे प्रबल गतिशील।।

र - रचनाधर्मी थे परम, धर्मनिष्ठ प्रख्यात।
पावन भाव-विचार थे, प्रखर संत साक्षात।।

स - सत्-समाज निर्माण-हित, अथक रहे कटिबद्ध।
रहे अनवरत समर्पित, संघ-कार्य प्रतिबद्ध।।

रमेशबाबू शर्मा 'व्यस्त'
सी–61, सूरजमल विहार, दिल्ली–92

मुद्रक एवं प्रकाशक : श्री जितेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा भाऊराव देवरस न्यास, सी–91, निरालानगर, लखनऊ (उ.प्र.) के लिए बर्फानी इण्टरप्राइजेज, ए–1, गोविन्दा बिल्डिंग, शाहनजफ रोड, हजरतगंज, लखनऊ, से मुद्रित। सम्पादक : डॉ शिवभूषण त्रिपाठी